**खबर संक्षेप**

### लीनेस क्लब शहडोल डायमंड ने मनाई होली



**शहडोल।** लीनेस क्लब शहडोल डायमंड के द्वारा 21 मार्च को होली मिलन समारोह श्रीरेसिडेंसी में संपन्न किया गया। जिसको करने का मुख्य उद्देश्य 22 मार्च को जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में सूखी होली मनाई गई, जिसमें हमारे द्वारा पानी के बिना सूखे रंगों एवं फूलों के साथ होली मिलन समारोह संपन्न किया। जिसमें क्लब के सारे सदस्यों के साथ भगवान राधा कृष्ण को गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया तथा कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इसमें मनोरंजन गेम होली के गीत बहुत ही सुंदर साज-सज्जा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने भाग लिया और होली मनाई। होली मिलन की होस्ट लीनेस श्वेतांजली पाठक, लीनेस शिखा शुक्ला, लीनेस प्रियंका गौतम, आकांक्षा पांडे थी। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष लीनेस रिंकी दुबे, सचिव लीनेस मेघा गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष लीनेस अंजलि उदानियां बीओडी के सदस्य सहित क्लब की सभी लीनस बहने गौरी सिंह राणा, वंदना गुप्ता, श्वेता डालमिया, तरु गुप्ता, मोनिका गुप्ता, भारती गुप्ता, रितु लखोटिया, स्वीटी अग्रवाल, सूची अरोड़ा, किरण सिंह, मधुश्री राय, पुष्पा द्विवेदी, पुष्पा शर्मा, उषा गोस्वामी, रितु मुंद्रा, दिशा मुंद्रा, रानू सोंधिया, रेनू सिंघानिया, शिखा शुक्ला उपस्थित थी।

### बिजली के समस्या से परेशान ग्रामीण



**घुनघुटी।** गुरूवार की रात 2 बजे से बिना बिजली ,पानी के ग्रामीण गुजर बसर करने मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से बिजली चली गई है, ग्राम में बिजली नहीं होने से सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। ग्रामीणों को पीने का पानी की समस्या हो गई है, इसके अलावा चक्की बंद है, ग्राम पंचायत घुनघुटी अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में प्रसाशन को अवगत कराया है, लेकिन समस्या का निदान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बिजली पानी की व्यवस्था बनाने की मांग की है।

### सब जेल बुढ़ार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**शहडोल।** जेलर विकास सिंह बघेल सब जेल बुढ़ार द्वारा बताया गया कि 22 मार्च को सब जेल में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रकाश कसेर, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुमन उईके, अधिवक्तागण तथा पी.एल.व्ही. उपस्थित रहे। शिविर के दौरान जेल में परिरुद्ध बंदियों को विधिक साक्षरता की जानकारी प्रदान कर परिरुद्ध बंदियों से उनके प्रकरण तथा जेल में उपचार, मुलाकात एवं भोजन के संबंध में पूछ-तांछ की गई, समस्त बंदियों द्वारा जेल की व्यवस्था समुचित व सकारात्मक वातावरण होना बताया गया।

## पैसे लेकर व्हीआईपी ट्रीटमेंट देने के लग रहे आरोप

# जेल में बंदी-कैदियों को देनी पड़ती है रंगदारी

**शहडोल।** जेल में बंदियों एवं कैदियों को जो सुविधाएं सरकार मुफ्त देती है, उसके लिए पैसा वसूल किया जाता है। जो बंदी या कैदी पैसा देने से मना करता है, उसके कई प्रकार से प्रताड़ति कर यातनाएं दी जाती हैं। संभाग की जेलों में सरकार के आदेश व जेल मेन्यूअल की किस तरह धज्जी उड़ रही हैं, जेलों में फैली अव्यवस्था को लेकर भय के चलते कोई आवाज नहीं उठा पाता है। संभाग की शहडोल, ब्यौहारी, बुढ़ार, अनूपपुर, उमरिया जेल में प्रवेश पर हवाला बंदी हो या सजा पाया बंदी मुलाकात के समय कैदियों के द्वारा नये बंदी से मारपीट की जाती है, ताकि बंदियों में भय व्याप्त हो, बीते वर्षों में ऐसे आरोप लगाये जा चुके हैं, नये बंदियों को बैरकों से निकाल कर जेल परिसर के अंदर झाड़ू, पोछा, सफाई एवं शौचालय साफ करवाया जाता है, मना करने पर कैदियों के द्वारा बंदियों के साथ मारपीट की जाती है और काम कराया जाता है, इसके बाद दबाव दिया जाता है कि काम नहीं करना है तो, साहब को रूपये देने होंगे।

### इन्हें मिल रही व्हीआईपी सुविधा

जेलों में विचाराधीन बंदी हो या सजायाफ्ता जेल प्रशासन पैसे लेकर व्हीआईपी व्यवस्था करा देते है, जैसे घर का खाना नमकीन, बिस्कुट पर्सनल सामग्री उपलब्ध करा दी जाती है, जिसका चार्ज 10000 से 20000 लिया जाता है। जो पैसे दे-देता है, उसको व्हीआईपी सुविधा दी जा जाती है, इसी तरह पैसे लेकर बंदियों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया जाता है, इसके साथ पूर्णतः जेल में वसूली से व्हीआईपी सुविधाओं के लिए जेल प्रशासन कैदी के माध्यम से वसूली करवाता है, हालाकि जिला जेल शहडोल एवं अनूपपुर में वसूली की पूर्व में शिकायतें हुई थी, लेकिन कार्यवाही के नाम पर कोरम पूर्ति की गई थी।

### दबंग कैदी करते हैं मारपीट

जेल प्रशासन के साथ-साथ दबंग कैदियों की जेलों में मनमानी चलती है, कैदियों को अघोषित रूप से जेल के वार्डों को बेच



**आम कैदियों के लिए जानवर से बदतर है जेल का जीवन**

दिया गया है, वहीं संभाग की जेलों में दबंग कैदियों की गुटबाजी व रंगदारी से आम कैदी व बंदी जानवरों से भी बदतर जीवन बिता रहे हैं, कैदियों को जेल मेनुअल के मुताबिक खाना नहीं दिये जाने के अलावा दबंग कैदियों के द्वारा वसूली की जा रही है, यह पूरा खेल जेलरों के संरक्षण में चल रहा है। नाम न छापने की शर्त पर कैदियों व बंदियों के परिजनों ने स्पष्ट तौर पर बताया कि उन्हें सुविधा शुल्क के रूप में जेल के अंदर रुपये पहुंचाने पड़ते हैं, ऐसा नहीं करने पर जेल के अंदर दबंग कैदियों द्वारा मारपीट की जाती है।

### चैन से रहना है, तो सुविधा शुल्क दो

संभाग की जेलों के अंदर अराजकता ही अराजकता है, कई कैदी के परिजनों ने बताया कि जेल के अंदर कुछ दबंग कैदी हैं, जिनके मर्जी से ही आम कैदी चैन की जिंदगी जी सकते हैं, जेल के वार्डो में जेल प्रशासन की नहीं, बल्कि इन्हीं दबंग कैदियों की मनमर्जी चलती है, सीधा सा फंडा है कि जेल के अंदर अगर चैन से रहना है, तो सुविधा शुल्क दबंग कैदियों को देना ही होगा, इन कैदियों द्वारा आम कैदी या बंदियों से रूपयों की वसूली की जाती है, कई लोगों ने तो यहां तक कहा कि एक दबंग कैदी ने जेल पर अपना आधिपत्य कायम कर रखा है, उन्हें खुले तौर पर जेल प्रशासन का समर्थन प्राप्त है। कैदियों एवं बंदियों से वह मोटी रकम वसूल करते रहते है, जिस कैदी के द्वारा विरोध किया जाता है, वह जानवरों की जिंदगी जीने के लिए बाध्य हो जाता है। इसके अलावा उन्हें दबंग कैदी के डंडे भी खाने पड़ते हैं, चर्चा तो यह है कि वसूली गयी राशि में जेल प्रशासन का भी अपना हिस्सा है।

### यह हुआ था अनूपपुर में

जून 2022 में जेल के कैदियों के परिजनों से खुलेआम पैसा लेने का वीडियो वॉयरल हुआ था, जिसके बाद मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी को निलंबित किया गया था, वहीं जेल उप अधीक्षक इन्द्रदेव तिवारी वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिये बगैर गांव चले गये थे, जब उनकी अनुपस्थिति में शहडोल जेल अधीक्षक को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी तो, यह बात सामने आई थी कि साहब बिना अधिकारियों को सूचना दिये पूर्व से जबलपुर में है। जिसके बाद दोनों अधिकारियों को निलंबित किया गया था, लेकिन विभाग ने अचानक बहाल करते हुए दोबारा इन्हें बहाल कर इन्हीं जेलों का प्रभारी बना दिया। मामला चाहे जो हो, लेकिन संभाग की जेलों में वसूली का यह अवैध कारोबार पूरे जेल प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

## शांति समिति की बैठक का हुआ समापन

# सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं होली-ईद का पर्व

**धनपुरी।** आपसी भाईचारे के साथ सर्व धर्म का सम्मान की भावना आमजन के दिल में व्याप्त होने के साथ किसी प्रकार से शांति भंग न हो को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन 21 मार्च की शाम 4 बजे धनपुरी थाना के परिसर में किया गया। 25 मार्च को होली का पर्व व रमजान का पवित्र माह ईद के त्यौहार को लेकर धनपुरी थाना में एसडीओपी धनपुरी अभिनव मिश्रा के अध्यक्षता में थाना प्रभारी हेम सिंह तेद्रो, तहसीलदार बुढ़ार की उपस्थिति में शांतिसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। एसडीओपी अभिनव मिश्रा ने बैठक में कहा कि आचार संहिता 144 धारा लागू है, इस बीच में हर धर्म के लोग उपस्थित है मेरी अपील है कि शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ होली, ईद का पर्व मनाया जाए। जिससे किसी प्रकार की परेशानी न हो, डीजे धीमे साउंड में ही बजाएं, जिससे पड़ोसियों को परेशानी न हो।थाना प्रभारी हेमसिंह ने कहा कि होली दहन पुराने स्थल पर ही हो, समय पर ही होलिका दहन किया जाए, पर्व में किसी तरह का माहौल खराब न करे। पुलिस प्रशासन होली पर्व



व रमजान त्योहार पर ट्रैफिक व्यवस्था पूर्व की तरह बनाया जाएगा, जिससे किसी को परेशानी ना हो, अगर कोई रंग में भंग डालता है तो पुलिस को शिकायत की जाए, जिससे उसके ऊपर कारवाई की जा सके। लाइट व्यवस्था बनाए रखना के लिए विद्युत मंडल धनपुरी से कहा गया, धनपुरी नगर पालिका पुरुषोत्तम गुप्ता ने कहा कि होली पर्व रमजान के मौके पर साफ-सफाई पानी की व्यवस्था पूर्व की तरह बनाया जाएगा, जिससे पर्व हर वार की तरह हर्षोल्लास से मनाया जा सके। शांति समिति की बैठक में मैथिलीशरण गुप्त, डॉ. विजय सिंह. मोहम्मद आजाद, राम सिंह, नौशेरमा खान, राशिद खान, राजू अग्रवाल, मोहम्मद शफीक, लक्ष्मण सोनी, हेमंत सोनी, मोहम्मद कलाम ,मुजफ्फर अली, सकलेन नियाजी, रवि कश्यप, कैलाश महोबिया, प्रवीण बाड़ोलिया, अजय जायसवाल, अजय शर्मा आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने पिपरिया में पुनः फसल सर्वे के दिए निर्देश, व्यक्त की कड़ी नाराजगी



**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पिपरिया, देवरी में ओला से प्रभावित गेंहूए चना, सरसो, अलसी, टमाटर फसलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम पिपरिया का निरीक्षण करते हुए नायब तहसीलदार सुषमा धुर्वे व पटवारी को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए की ओला से प्रभावित फसलों का पुनः सर्वे कर हुए नुकसान का सही-सही आंकलन करे और पत्रक गणना में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कार्य तेजी से पूर्ण करें तथा बारिस और ओलावृष्टि से क्षेत्र के किसानों की चना गेहूंए अलसी और सरसों की फसलें क्षतिग्रस्त हुई है उनका प्रकरण 23 मार्च तक तैयार करे। साथ ही कलेक्टर में किसानों से ओलावृष्टि से हुए फसल क्षति के संबध में चर्चा भी की। कलेक्टर ने ग्राम देवरी का निरीक्षण करते हुए कहा की पटवारी को निर्देश दिए की ओलावृष्टि से हुए फसल क्षति का सर्वे अभी की स्थिति में करें व समय सीमा में सर्वे कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, तहसीलदार श्रीमती दिव्या सिंह सहित पटवारी साथ रहें।

# आयुक्त रेलवे सेफ्टी ने विद्युतीकृत 14.3 किमी का लिया जायजा



**शहडोल।** इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास तथा गाड़ियों के गतिशील परिचालन हेतु मंडल में नई रेललाइन, दोहरीलाइन, तीसरीलाइन एवं चौथीलाइन का कार्य व्यापक स्तर पर कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य 165.52 किमी विद्युतीकृत तीसरीलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत सिंहपुर, शहडोल,बंधवाबारा स्टेशनों के मध्य 14.3 किमी विद्युतीकृत नई तीसरीलाइन का सम्पूर्ण कार्य पूरा कर लिया गया है,कार्य पूरा होने के पश्चात एसई सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी बी.के.मिश्रा द्वारा 22 मार्च को सिंहपुर, शहडोल, बधवाबारा स्टेशनों के मध्य 14.3 किमी विद्युतीकृत नईलाइन का निरीक्षण किया गया। 22 मार्च को सिंहपुर, शहडोल, बधवाबारा स्टेशनों के मध्य 14.3 किमी विद्युतीकृत लाइन का निरीक्षण कार्यक्रम के तहत एसई सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी बी.के.मिश्रा निरीक्षण दल के साथ विशेष गाड़ी से सिंहपुर स्टेशन पहुंचे। सिंहपुर स्टेशन में उन्होंने पेनल रूम, स्टेशन तथा सम्पूर्ण यार्ड का निरीक्षण किए इसके पश्चात उन्होंने सिंहपुर, शहडोल, बधवाबारा नई लाइन का मोटर ट्राली निरीक्षण किए, निरीक्षण के दौरान उन्होंने इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, कर्व, ब्रिज, फाटक, ओएचई लाइन सिग्नलिंग उपकरण के साथ परिचालन एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अवलोकन तथा निरीक्षण किये, साथ ही अधिकारियों के साथ चर्चा की। इसके पश्चात बधवाबारा स्टेशन से सिंहपुर स्टेशन तक आब्जर्वेशन कार के साथ स्पीड ट्रायल किया गया। उन्होने शहडोल व बधवाबारा स्टेशन में संरक्षा निरीक्षण भी किए, आयुक्त रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद इस नई तीसरीलाइन पर निर्बाध रूप से गाड़ियों का परिचालन प्रारम्भ होगा, जिससे ट्रेनों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। उनके साथ गए निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मंडल रेल प्रबंधक सहित मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अनेक अधिकारी शामिल थे।

# कांग्रेस नेता सहित 10 से अधिक लोगों पर हुआ मामला दर्ज



**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खामीडोल में बीते दिनों एक निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास को ढहा दिया था। इस मामले में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व कांग्रेस नेता नागेंद्र नाथ सिंह समेत दर्जन भर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता बालमुकुंद शर्मा ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व कांग्रेस नेता नागेंद्रनाथ सिंह दर्जन भर लोगों के साथ पहुंचे और धमकी देते हुए कहा कि जाओ थाने में इसकी शिकायत कर दो। बातचीत का वीडियो वायरल हुआ था। पीड़ति ने थाने में लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।

### जिस भूमि पर कार्य हुआ था, वह नागेंद्रनाथ सिंह की ही है

जांच में यह बात भी सामने आई हैं कि जिस भूमि पर कार्य हुआ था, वह नागेंद्रनाथ सिंह की ही है। लेकिन उन्होंने अतिक्रमण को कानूनी प्रक्रिया के तहत न हटाकर स्वयं ही अपने दर्जन भर लोगों के साथ मिलकर तोड़वाया था। शिकायतकर्ता बालमुकुंद शर्मा पुत्र बालकरम शर्मा निवासी ग्राम खामीडोल थाना जैतपुर ने आरोप लगाया था कि उसे ग्राम खामीडोल मे शासन द्वारा आवंटन के माध्यम से खसरा नम्बर 760/2 ख भूमि आवंटित हुईं थी। वहीं वह अपने पीएम आवास का निर्माण कार्य करा रहा था। निर्माण कार्य छत लेबल तक पहुंच गया था।

### वीडियो सामने आने के बाद यह सवाल यह उठ रहा

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद यह सवाल यह उठ रहा था कि अगर ज़मीन नागेंद्रनाथ सिंह की है तो वह इसके लिए विधिवत कार्रवाई कराते लेकिन उन्होंने स्वयं ही खड़े होकर दबंगई पूर्वक मकान तोड़वा दिया, जो कि विधि विरुद्ध था। थाना प्रभारी जैतपुर रामकुमार ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद जांच उपरान्त नागेंद्र नाथ सिंह समेत दर्जन भर अन्य आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिस ज़मीन पर पीएम आवास का निर्माण कराया जा रहा था, वह भूमि प्रथम दृष्टया जांच में नागेंद्र नाथ सिंह की होना सामने आई है। इसकी जांच भी जारी है।

# सड़क हादसे में 1 मौत, 2 घायल



**उमरिया।** नौरोजाबाद थाना अंतर्गत सस्तरा मोड़ पर देर रात सड़क हादसे में दईगवा निवासी अश्वनी सिंह उम्र करींब 42 साल की मौत हो गई है। इस हादसे में उनकी पुत्री स्वाति सिंह उम्र 17 एवं सहेली नेहा सिंह पिता तिलकराज सिंह उम्र 17 वर्ष के गम्भीर रूप से घायल होने हुई है। घटना के बाद घायल दोनों युवती को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार कर जबलपुर रेफर करने की खबर है।बताया जाता है कि अश्वनी सिंह दोनों को बाइक क्रमांक एमपी 18 एमआर 3586 में लेकर पुत्री की किसी सहेली के बर्थडे में ग्राम सस्तरा गए थे, कार्यक्रम उपरांत वापसी के दौरान हादसे का शिकार हुए है। हादसे को लेकर बताया जाता है कि ओवरटेक के दौरान हादसा हुआ है।नौरोजाबाद पुलिस सक्रिय हुई टक्कर मारने वाले ट्रक को जब्त किया। हादसों में इंसानी मौतों का बढ़ता ग्राफ चिंता का विषय है, इसके अलावा परिवहन विभाग व यातायात विभाग की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल है। यातायात नियमों के परिपालन में चालकों की अनदेखी से महज जुर्माना कर कोरम पूर्ति करना ठीक नहीं है, बल्कि नियमों को कड़ाई से वाहन चालकों को पालन कराने की नसीहत भी देने की ज़रूरत है। इसके अलावा हाईवे पर बड़े वाहनों के तेज गति से चालन पर भी अंकुश लगाएं।

# फिर दिया सिविल सर्जन ने अजब-गजब आदेश

**शहडोल।** कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय के दंत चिकित्सक व सिविल सर्जन डॉ. जी.एस. परिहार आये दिन अपने अजब-गजब आदेशों के कारण चर्चाओं में तो रहते ही है, बल्कि उनके कारनामों के कारण चिकित्सा विभाग भी शर्मसार होता रहता है। कभी मरीजों के ऑपरेशन से पहले रिश्वत न देने का शपथ पत्र संबंधित आदेश देने वाले सिविल सर्जन ने 19 मार्च को फिर एक ऐसा आदेश जारी किया है, जो अपने आप में अनूठा है, सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सिविल सर्जन कार्यालय से जारी विभागीय पत्र क्रमांक 3725 में उन्होंने मेडिकल बोर्ड के गठन के लिए पांच चिकित्सकों की तैनाती का आदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के.लाल को आदेश पत्र भेजते हुए इसका सदस्य बनाते हुए आदेश पालन करने की आज्ञा दी।

डॉ. जी.एस. परिहार ने जारी आदेश में यह लिखा कि चुनाव संबंधित कर्मचारियों के मेडिकल परीक्षण हेतु विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन 21 से 23 मार्च तक के लिए किया जाना है, जिसके अध्यक्ष वे खुद अर्थात डॉ. जी.एस.परिहार रहेंगे और सदस्यों के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नेत्र रोग विशेषज्ञ बताते हुए बोर्ड का सदस्य बनाया है, जबकि चिकित्सालय में अन्य नेत्र रोग विशेषज्ञ भी कार्यरत है। इस पत्र में डॉ. गशेश टांडिया, डॉ. शिल्पी सराफ और डॉ.अंजू झा को भी सदस्य के रूप में रखा गया है।

बीते वर्षो संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा प्रदेश के समस्त सिविल सर्जनों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र भेज कर उनके अधिकारों व कर्तव्यों को चिन्हित किया गया था, जिसमें स्पष्ट उल्लेख था कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संपूर्ण जिले का प्रशासनिक दायित्व सौंपा गया है, इसमें यह स्पष्ट किया जाता है कि जिले के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन काम करेंगे तथा जिला चिकित्सालय सहित जिले की सभी संस्थाओं पर प्रशासकीय नियंत्रण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का रहेगा, बावजूद इसके दंत चिकित्सक से जुगाड़ से सिविल सर्जन बने डॉ. जी.एस. परिहार खुद को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से ऊपर मानने लगे हैं। यही हाल रहा तो, वह दिन भी दूर नहीं जब सिविल सर्जन, कलेक्टर और मेडिकल कॉलेज के डीन तैनाती भी अपने विभागीय आदेशों से करने लगेंगे।

**खबर संक्षेप**

### भीमसेन ने छोटे चौधरी पर चढाई गाड़ी, मामला दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत जर्राटोला में रहने वाले छोटे चौधरी 43 वर्ष पिता मटारू चौधरी जो की भीमसेन चौधरी की गाड़ी दो पहिया नंबर एमपी 65 एमबी 1897 में बैठकर चंद्रौठी बाजा बजाने गया था। जहां से देर रात लौटने के दौरान भीमसेन द्वारा वाहन को रोक कर पेशाब किया एवं फिर गाड़ी को स्टार्ट कर अकेले ही घर जाने लगा जिस पर छोटे चौधरी द्वारा हाथ दिखाकर गाडी रोकने को बोला तो तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर भीमसेन चौधरी ने दुर्घटना कर दिया। दुर्घटना से हाथ पांव में चोट आई। पुलिस को फोन कर अस्पताल में इलाज कराया गया एवं अनूपपुर रेफर करने पर स्वयं के रूपयो से इलाज धनपुरी में कराया। वापस आकर घटना की शिकायत बुधवार को थाना कोतमा में करने पर पर भीमसेन चौधरी खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी में मामला दर्ज कराया गया।

### स्लोगन दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**अनूपपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता स्लोगन का दीवार लेखन कर मतदाताओं को मतदान तिथि 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की जा रही है। आओ मिलकर अलख जगाएं शत-प्रतिशत मतदान कराएं, निर्भय होकर मतदान करेंगे देश का हम सम्मान करेंगे, चुनाव का पर्व देश का गर्व इत्यादि स्लोगन के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## एक ही जमीन का बार बार हो रहा सौदा, जमीनों की जांच पड़ताल जरूरी

# हाइवे पर स्थित जमीनों की खरीद फरोख्त में बढ़ी धांधली

**उमरिया।** जिले का राजस्व अमला सरकारी व निजी भूमियों को खुर्द बुर्द कर अंधाधुंध पैसा बटोर रहा है जबकि पक्षकार परेशान हो रहे हैं। राजस्व विभाग, माफि या और दलालों की मुट्ठी में कैद हो चुका है। शासकीय प्रावधानों की हर स्तर पर धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। इन स्थितियों को देखते हुए भूमि स्वामी पक्षकार चिंताग्रस्त हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि शासकीय रिकार्डों के सत्यापन और दुरुस्तीकरण के लिए कुछ वर्षों पूर्व किसानों व पक्षकारों द्वारा मांग की गई थी और ज्ञापन भी सौंपा गया था। लेकिन पक्षकारों की मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई और राजस्व अमला तथा माफिया के लोग आपस में घालमेल क र मनमानी खेल खेलते रहे। करकेली विकासखण्ड अंतर्गत एनएच-43 पर स्थिति एक भूमि लगभग 20 बार खरीदी व बेची गई है और उस पर विवाद भी हुआ और स्थिति यह है कि प्रथम दृष्टया यह बता पाना मुश्किल हो गया है कि जमीन आखिर किसकी है। पूर्व में इस जमीन की संशयात्मक स्थिति को देखते हुए बेदखली के आदेश दिए थे।

### बार बार हुआ सौदा

करकेली एनएच-43 पर स्थित खसरा क्रमांक 59 की एक भूमि किसी चौधरी को विस्थापन में मिली थी। पूर्व में यह जमीन चौधरी के पास निस्तारी भूमि के रूप में रही। जब नेशनल हाइवे यहां से स्वीकृत हुई तो इस भूमि का मूल्य बहुत अधिक बढ़ गया। उससे किसी शिक्षक ने संपर्क कर इस भूमि को अ'छी खासी रकम देकर खरीद लिया। शिक्षक ने भी उस भूमि का थोड़ा रखरखाव कर काफी महंगे दामों पर बेच दिया। उसके बाद यह जमीन बिकती रही और इसमें पेट्रोल पम्प और होटल संचालित हो रहा है। यही नहीं अगर हाइवे पर जमीनों की सर्चिंग कराई जाए तो फर्जी खातेदारों की सूची पकड़ी जा सकती है।



### सरकारी दफ्तर भी इसी जगह

जानकारी मिली है कि इसी खसरा क्रमांक 59 में कई सरकारी दफ्तर भी स्थित है। बीआरसी कार्यालय और पुलिस सहायता केन्द्र आदि सहित कुछ अन्य कार्यालय भी इसी में संचालित हैं। इस पूरी भूमि में क्षेत्र के दबंगों ने कब्जा कर रखा है साथ ही वे भूमि खाली कराने लोगों को परेशान भी करते रहते हैं। वे सरकारी दफ्तरों को भी यहां से हटवाने की फिराक में लगे हुए हैं। इसी तरह का एक विवाद सामने आने पर एक बार पूर्व कलेक्टर ने यहां से बेदखली के आदेश दे दिए थे। हालांकि कलेक्टर के आदेश का पालन अधिक दूर तक नहीं हुआ और अधूरी प्रक्रिया के दौरान ही कार्रवाई शिथिल पड़ गई।

### अन्य स्थानों का काला धन यहां लगा

करकेली, मुण्डा, उजान आदि स्थानों केवल स्थानीय लोगों द्वारा ही नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों के लोग भी यहां आकर जमीने खरीद रहे हैं। बाहर के लोग अपना काला धन यहां खर्च कर जमीनें खरीद कर या तो व्यवसाय कर रहे हैं या फिर जमीनों में कब्जा कर उसे महंगे दामों बेच रहे हैं। बाहर से आए दर्जनों लोग आज यहां लैण्ड व प्रापर्टी डीलिंग के धंधे में लगे हुए हैं और आज करोड़ो के असामी बन बैठे हैं। यह खेल केवल बाहरी धंधेबाजों का नहीं बल्कि इसमें राजस्व अमले के लोग उनका सहयोग कर उन्हे यहां पनपा रहे हैं और उनकी प्रापर्टी बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इसकी एवज में उन्हे मोटा कमीशन मिल रहा है।

### रिकार्डों की जांच भी नहीं होती

उमरिया जिले के राजस्व रिकार्डों का सत्यापन नही किया जा रहा है। सरकारी जमीने खुर्द बुर्द की जा रहीं हैं। तालाबों के रकबे गायब होते जा रहे हैं पटवारी आरआई सरेआम जमीनों का सौदा कर रहे है। सीमांकन, बटांकन के लिए पटवारी आरआई ने सुविधा शुल्क की दरें तय कर रखीं हैं। इतनी धांधलियों के बावजूद जिला प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है। इन्ही गड़बड़ियों की वजह से आए दिन विवाद बढ़ रहे हैं और सुनवाई के लिए प्रकरणों की भीड़ बढ़ रही है। अगर एक बार भली भांति जांच पड़ताल कर दोषी जनों को दण्डित कर दिया जाए तो स्थितियों में काफी सुधार हो सकता है।

## मतदान दल में संलग्न शासकीय सेवक पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें : कलेक्टर

### पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी का प्रथम दिन का प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग व्दारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा। जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां जोरो पर की जा रही है। जिले में पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारी क्रमांक-1 का प्रशिक्षण शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में दिया जा रहा है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल में संलग्न शासकीय सेवक पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। भारत निर्वाचन आयोग व्दारा जारी दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा प्रशिक्षण के दौरान अपनी शकांओं का समाधान भी अनिवार्य रूप से कर लें। मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्याक है। मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात एवं मतलेखा तैयार करनें की जानकारी से अवगत होना आवश्यक है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न मतदान प्रशिक्षण कक्षों में भ्रमण कर पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारी क्रमांक-1 से मतदान प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न भी किए । अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम ने कहा कि मतदान दल में तैनात सभी शासकीय सेवक मतदान दल ईव्हीपएम संचालन का पर्याप्त अभ्यास कर लें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि मतदान दलों को आयोग व्दारा किए गए परिवर्तनों की जानकारी से अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। मास्टर ट्रेनर्स व्दारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतगणना एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं माकपोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं माकपोल, माकपोल का क्रम, माकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, माकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन,विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग,किंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीठासीन अधिकारियों को डज नाट, डू नाट की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. अभय पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, डॉ. एम. एन. स्वामी, मनोज व्दिवेदी अन्य मस्टर ट्रेनर्स व्दारा प्रशिक्षण दिया गया।

## मानपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ समापन



**मानपुर।** पुलिस अधिक्षक के निर्देशन में आगामी त्योहार होली धुरेड़ी के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए मानपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र वासियों को होलिका दहन में सावधानी बरतते हुए उत्सव मनाने के साथ ही आपसी भाईचारा निभाते हुए रंग पंचमी का आनंद उठाने की अपील थाना प्रभारी द्वारा की गई। साथ ही बताया गया कि होलिका किसी खाली स्थान पर बनाएं जहां किसी को कोई परेशानी न हो । होली का त्योहार गुलाल खेलकर मनाएं। नशे की हालत में घर से बाहर न निकले, किसी से बेवजह विवाद से बचें। पुलिस प्रशासन ने कहा की हमारी टीम नगर सहित क्षेत्र में लगातार गस्त करेंगी, अगर किसी को नसे की हालत में पाया जाता है तो उस पर तत्काल कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधि, व्यापारी व पत्रकार साथियों के साथ मानपुर थाना परिसर के समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

### अवकाश के दिन जमा नहीं होंगे नाम निर्देशन पत्र

**उमरिया।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि जिला निर्वाचन कार्यालयों में अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च से प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण के लिए नाम निर्देशन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 23 मार्च को चतुर्थ शनिवार (निगोशिएबल इन्स्ट्रमेंट एक्ट) के तहत अवकाश होने एवं 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश होने से इन दिनों में नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। प्रथम चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 मार्च है। अनारक्षित वर्ग के लिये 25 हजार, आरक्षित वर्ग के लिए 12,500 रुपये है निक्षेप राशि। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि लोकसभा-2024 का चुनाव लड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी।

### विश्व वानिकी दिवस पर इको सेंटर ताला में किया गया पौधारोपण

**उमरिया।** विश्व वानिकी दिवस 2024 के अवसर पर वन और नवाचार की थीम अंतर्गत एल.एल. उइके मुख्य वनसंरक्षक शहडोल सह क्षेत्र संचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया एवं पी. के. वर्मा उपसंचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के नेतृत्व में ईको सेंटर ताला अन्तर्गत पौधारोपण कार्यक्रम एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियमों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनवृत्त शहडोल अन्तर्गत डी.एफ.ओ., एस.डी.ओ, परिक्षेत्राधिकारियों के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में, रितेश सरोठिया (भा.व.से.), प्रभारी स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म. प्र. भोपाल, डॉ. काजल जाधव (सहायक प्राध्यापक) स्कूल ऑफ वाईल्ड लाईफ फारेन्सिंक एण्ड हेल्थ जबलपुर, मंजुला श्रीवास्तव अधिवक्ता एण्ड मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षक की गरिमामयी उपस्थिति रही है। इस अवसर पर विभिन्न परिक्षेत्रों में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एवं वन विभाग द्वारा वनाग्नि संबंधी जागरूकता कार्यक्रम एवं समिति की बैठक आयोजन किया गया।



### पुलिस अधिकारी का एक दिवसीय प्रशिक्षण दो सत्रों में संपन्न




**उमरिया।** सामुदायिक भवन में लोकसभा निर्वाचन के लिए कर्तव्यस्थ विशेष पुलिस अधिकारी का एक दिवसीय प्रशिक्षण दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल मंगठार, वन विभाग सहित अन्य विभागों से शामिल 776 एसपीओ के प्रशिक्षण में मतदान दिवस पर मतदान केंद्र में भूमिका अंतर्गत मतदान पंक्ति का प्रबंधन, मतदान केंद्र में प्रवेश के लिए पात्रता सहित शांतिपूर्ण चुनाव में कानून व्यवस्था में महती भूमिका को बताया गया। मतदान के लिए प्रारूप 12 (क) निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं प्रारूप 12 डाक मतपत्र की प्रक्रिया बताते हुए आवेदन भी प्राप्त किए गए। प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी बंजारे, अंबिकेश प्रताप सिंह बघेल, हरनीत कौर, मास्टर ट्रेनर प्रदीप सिंह गहलोत, संजय पांडेय उपस्थित रहे।

## छल कपट कर भूमि का किया गया विक्रय, थाने तक पहुंचा मामला

**कोतमा।** ग्राम नवाटोला (पैरीचुआ), थाना व तहसील कोतमा निवासी हीरा सिह पिता स्व. प्रेम सिंह गोड़ ने थाना प्रभरी कोतमा को शिकायती पत्र देते हुये रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र मे उल्लेख किया गया कि प्रार्थी की पुस्तैनी भूमि ग्राम नवाटोला, प.ह. पैरीचुआ, तहसील कोतमा के आराजी ख.नं. 12 रकवा 0.672 हे0, खनं 43 रकवा 0.125 हे0, खनं 48 रकया 0.049 हे, सानं 49 रकवा 0.089 है, सानं 52 रकवा 0.142 हे. खनं 143 रकवा 0.283 हे0, खनं 201 रकवा 0.611 हे0, खनं 204 रकवा 0.595 हे, खनं 205 रकवा 0.080 हे, यानं 228 रकवा 0.251 हे, खनं 236 रकवा 0.146 हे0, खनं 239 रकवा 0.409 हे, सानं 241 रकवा 0.036 हे, खनं 244 रकवा 0.134 हे, खनं 292 रकवा 0.466 हे. खनं 301 रकवा 0.109 हे, सखनं 303 रकवा 0.020 हे, खनं 306 रकवा 0.178 हे, डा.नं 318 रकवा 0.348 हे, खनं 331 रकवा 0.117 हे, खनं 338 रकबा 0.154 हे, सानं 347 रकवा 0.538 हे, खनं 259 रकवा 0.263 हे0, खनं 342 रकवा 0.239 हे, खनं 245 रकवा 0.049 हे, खनं 299 रकवा 0.016 हे, कुल 26 किता कुल रकवा 7.523 हे0 स्थित है। उक्त भूमि के पूर्व भूमि स्वामी भैयालाल गोड़ थे तथा भैयालाल की मृत्यु उपरान्त उक्त भूमियां 04.04.1976 को प्रार्थी के पिता प्रेमलाल पिता भैयालाल के नाम पर राजस्व अभिलेखो में दर्ज थी, उक्त भूमि पर लल्ली बाई पति टुक्कुल सिंह गोड़ निवासी ग्राम नवाटोला (पैरीचुआ) द्वारा 25.04.2014 को फर्जी सेजरा तैयार कराकर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कोतमा के यहां अपील प्रस्तुत की थी तथा अपील में एकपक्षीय सुनवाई कर न्यायालय द्वारा लल्ली बाई के नाम राजस्व अभिलेख दुरुस्त कराये गये जिसकी जानकारी होने पर प्रार्थी के पिता प्रेमलाल पिता भैयालाल गोड द्वारा उक्त एकपक्षीय आदेश की अपील न्यायालय अपर कमिश्नर शहडोल यहा प्रस्तुत कर स्थगन प्राप्त किया गया था। स्थगन मे यथास्थिति का आदेश पारित किया गया है, तत्पश्चात प्रार्थी के पिता द्वारा व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग 02 कोतमा के न्यायालय मे प्रकरण क्र.-फउअ 67अ/2019 के माध्यम से उक्त भूमियो का स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बावत व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया था, साथ ही लल्ली बाई व उसके सहयोगी व एजेन्टो के द्वारा उक्त भूमि पर किसी प्रकार की दखलंदाजी न की जाये, इसलिये प्रेम सिंह ने अस्थायी निषेधाज्ञा प्राप्त करने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था, जिस पर न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश कोतमा द्वारा लल्ली बाई पति टुक्कुल सिंह गोड़ के विरूद्ध अस्थायी निषेधाज्ञा जारी करते हुये निषेधित किया गया था कि वह वाद भूमि पर हस्तांतरण विक्रय विलेख, दान, विनिमय, बंधक, वसीयत या अन्य किसी माध्यम से हस्तांतरण नही करेंगे तथा प्रार्थी के कब्जे पर किसी प्रकार का व्यवधान नहीं करेंगे। इस तथ्य को उक्त आदेश की जानकारी मुस0 लल्ली बाई व उसके अधिवक्ता को भली-भाँति थी तथा इसी दौरान प्रेम सिंह की मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्रो द्वारा गांव के सभी लोगो को उक्त आदेश की जानकारी मौखिक रूप से दिये थे किन्तु लल्ली बाई पति टुक्कुल सिंह गोड तहसील कार्यालय कोतमा मे कार्यरत कर्मचारी कृष्णलाल धार्या से मिलकर सांठ-गांठ कर चोरी छिपे उपरोक्त भूमियों को बालकेश्वर धार्या एवं आशीष कुमार धार्या के नाम पर रजिस्ट्री करा दी है जबकि मुस0 लल्ली बाई पति टुक्कुल सिंह गोड़ को पूरी तरह से जानकारी थी कि उक्त भूमियो पर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश के द्वारा रोक लगायी गयी है। मुस0 लल्ली बाई द्वारा किया गया उक्त कार्य विधि विरूद्ध है तथा न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है जो गंभीर प्रकृति का अपराध है तथा उक्त अपराध में तहसील कार्यलय कोतमा में पदस्थ लिपिक धार्या द्वारा षड्यंत्र कर अपने पुत्रो के नाम पर भूमि को क्रय किया गया है जो गैर कानूनी अपराध है। हीरा सिंह ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर मुस0 लल्ली बाई पति टुक्कुल सिंह गोड़ निवासी नवाटोला (पैरीचुआ) के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने साथ ही उक्त भूमि के क्रय-विक्रय मे संलग्न तहसील कार्यलय के लिपिक कृष्णलाल धार्या व उसके पुत्र बालकेश्वर धार्या एवं आशीष कुमार धार्या के विरूद्ध भी भूमि विक्रय मे षड़यंत्र में शामिल होकर भूमि क्रय करने के संबंध में भी अपराध पंजीबद्ध किये जाने की मांग की है।

## मालवाहक वाहनों में ढोई जा रही सवारी

### कृषि कार्यों के नाम पर क्रय किए गए वाहनों का कर रहे उपयोग



**कोतमा।** मालवाहक वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। जिसके कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। खासतौर पर ग्रामीण अंचलों में यह समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। बावजूद इसके मालवाहक वाहनों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व में करीब दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोगों की मौत भी हो चुकी है। नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने का कार्य रोजाना किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन कम होने के कारण मालवाहक वाहनों से सवारियां ढोने का कार्य किया जाता है। क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को काम पर लाने ले जाने के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ले जाया जाता है। ऐसे में कभी भी घटना हो सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके ऐसे मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व में नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में माल वाहक वाहनों में बारात ढोई जा रही थी जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं।

### कृषि कार्यों के नाम पर क्रय किए गए वाहनों का होता है उपयोग

कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाडिय़ों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। शादी, पिकनिक व अन्य कामकाज में वाहन का उपयोग किया जाता है। ज्ञात हो परिवहन विभाग के कर्मचारी ऐसे वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग नहीं करते है।

### रुपए के लालच में ले रहे जोखिम

माल वाहक मालिक और चालक रुपए के लालच में ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार सड़क हादसे होने के बाद भी मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है।

### प्रतिदिन हो रहा वाहन चेकिंग

वर्तमान में लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए पुलिस एवं यातायात विभाग के द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है लेकिन क्या ऐसे वाहन पुलिस एवं यातायात विभाग को नहीं नजर आ रहे हैं जो प्रतिदिन पिकअप वाहन एवं मलवाहक वाहनो में खुलेआम सवारियों को बैठक राष्ट्रीय राजमार्गों एवं नगर के मुख्य मार्ग में आना-जाना कर रहे हैं।

## प्राकृतिक रंगों व सादगी से होली त्यौहार मनाने की अपील

### नगर की महिलाओं ने त्यौहार में केमिकल युक्त रंगों से बचने की दी सलाह

**कोतमा।** रंग उत्सव होली का त्योहार आने में 3 दिन शेष हैं लेकिन इसकी तैयारी बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही कर लेती है। बसंत तो और पलाश के फूलों का इक न हो यह अधूरा सा लगता है। आमतौर पर बसंत ऋतु के समय यह फूल खिलने लगता है। होली के आसपास यह फूल चरम पर आकर प्राकृतिक खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। फूलों से प्राकृतिक रंग बनाने के लिए लोग जागरूक हैं । इसके लिए महिलाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। टेसू अपराजिता नीम कनेर गुड़हल आदि के फूलों से प्राकृतिक रंग बनाकर होली का त्यौहार मनाने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जागरूक महिलाओं का कहना है कि रंग ऐसे हो जो पर्व मनाने के साथ-साथ शरीर के लिए फायदेमंद भी हो तो पर्व का आनंद दुगना हो जाएगा। नगर की गृहणी सीता पटेल का कहना है कि होली रंगों का त्यौहार है। इसका अर्थ लोग केमिकल युक्त रंग से लेते हैं। प्रकृति भी इस अवसर पर अपना रंग बिखेरती है प्रकृति जो हमें देता है उसे समय से उपयोग करने में ही हमारा हित है पलाश सेमर सिंदुर का फूल जो की ऋतु परिवर्तन ठंड से गर्मी में हमारे शरीर को मौसम अनुकूल बनाने के लिए बेहतर है इसके अलावा हम हल्दी मुल्तानी मिट्टी केसर जैसे औषधीय का प्रयोग भी रंग के रूप में कर सकते हैं जो हमारी त्वचा के लिए सुरक्षित भी है और स्वास्थ्य वर्धक है। नगर के बस स्टैंड के पास निवास करने वाली ग्रहणी महिला सोनाक्षी श्रीवास्तव का मानना है कि होली का त्यौहार तीन दिन बाद आने वाला है। इस दिन रंगों के सरोबार से हम सबको खुश कर देते हैं शुरू से ही केमिकल रहित रंगों की तरफ दिलचस्पी रहती है इसके लिए मैं टिशु सेमर के फूलों से रंग बना रही हूं और यह रंग प्राकृतिक होने के साथ-साथ हमारे शरीर के लिए भी फायदेमंद होते हैं हमारी त्वचा के लिए सुरक्षित भी है और स्वास्थ्य वर्धक है। हम फूलों का संग्रह कर रहे हैं मुझे शुरू से ही इसमें रुझान रहता है और दूसरों को भी प्रेरित करती हूं।



ज्योति शुक्ला का कहना है कि हमारे देश के अधिकांश त्यौहार हमें सीधे प्रकृति से जोड़ते हैं। ऐसा ही एक त्यौहार है होली कितना अद्भुत है ना इसी समय प्रगति रंग बिरंगी फूलों से भरी पूरी होती है । क्यों ना इन्हीं प्राकृतिक फूलों से रंग बनाकर हम होली खेले यह हमारी प्रकृति और हमारे स्वास्थ्य दोनों के लिए बेहतर है। मैं टेसू अपराजिता नेम कनेर गुड़हल के फूलों से प्राकृतिक रंग बनाकर होली खेलने के लिए तैयारी कर रही हूं मुझे शुरू से ही इसमें दिलचस्पी रहती है हर साल मैं इन्हीं रंगों का इस्तेमाल करती हूं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहिनी धर्मेंद्र वर्मा का कहना है कि वर्तमान में बाजारों में केमिकल युक्त रंग मिलते है जिससे त्वचा को भी नुकसान होता है और स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक होते हैं मेरा शुरू से ही मानना है कि पुराने समय में लोग फूलों के रंगों से रंग बनाकर होली का त्यौहार मनाते थे इसके लिए हमारे बड़े बुजुर्ग एक में पहले से ही तैयारी में जुट जाते थे। पलाश सेमर एवं और भी फूलों को इकट्ठा करते थे और उनसे रंग बनाते थे। यह रंग शरीर के लिए बेहतर होते थे फूलों से बने रंग हमारी भारतीय संस्कृत में हर त्यौहार उत्सव वैज्ञानिक मान्यताओं के आधार पर ही मनाए जाते हैं ऐसे ही होली का त्यौहार भी वैज्ञानिक आधार पर वर्ष भर स्वस्थ रहने के लिए अनेक प्रकार के फूल पौधे जड़ी बूटियां से ही रंग बनाए जाते थे ताकि वर्ष भर शरीर स्वस्थ एवं कांतिमय रहे। फूलों से प्राकृतिक रंग बनाने के लिए मैं हमेशा उत्साहित रहती हूं । मैंने होली त्यौहार के पूर्व रंग बनाने के लिए तैयारी भी शुरू कर दी है और लोगों को भी यही सलाह देता हूं कि प्राकृतिक रंगों से रंगों से मनाई जिससे त्वचा एवं शरीर को नुकसान ना हो।

खबर संक्षेप

## परिवहन विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**रीवा ।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए अवैध संचालित वाहनों पर जांच अभियान चलाकर चालानी कार्रवाही की और छोटे वाहन जैसे कार जीप स्कार्पियो इनोवा जैसे वाहनों की विशेष रूप से वाहन के अंदर और डिक्की की तलाशी ली गई। लोकसभा निर्वाचन के चलते परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा के साथ चेकपोस्ट चाकघाट और चेकपोस्ट हनुमना के स्टाफ ने वाहनों को रोककर उनकी सघन जांच का कार्य किया, जिसमें मुख्यत्तः मादक पदार्थ, पैसा,नशीली कफ सिरफ,कपड़े, ज्वैलरी आदि की जांच की गई।जांच के दौरान 30 वाहनों के ऊपर चालानी कार्रवाही करते हुए 61000 रुपए का राजस्व शमन शुल्क के रूप में अर्जित किया गया।जांच में एक बस जो सूत्र सेवा के रूप में रीवा से सतना चलती है जिसे परमिट शर्तों का उलंघन करते पाए जाने पर,नया बस स्टैंड रीवा से जप्त किया गया और बस को सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय रीवा में खड़ा कराया गया। इसके अलावा वाहनों पर अनाधिकृत रूप से पदनाम एवं संस्था के नाम का उपयोग करते हुए पाये जाने पर और निर्धारित स्वरूप में रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगाने के कारण 28 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा की गई इस कार्यवाही में एक बिना फिटनेस,बिना बीमा एक और अन्य अपराधों पर 27 चालान बनाए गए। परिवहन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई की जानकारी प्रारूप में भरकर परिवहन आयुक्त कार्यालय के माध्यम से निर्वाचन आयोग को दी गई।

## रक्त परीक्षण शिविर संपन्न



रीवा

पी.ओ.सी.टी. साईन्स हाउस मेडिकल प्राईवेट लिमिटेड भोपाल के तत्वाधान में केन्द्रीय जेल रीवा में परिरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए वृहद रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रक्त परीक्षण शिविर में लगभग 850 बंदियों के ब्लड सैम्पल लिए गये। इस अवसर पर सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक एवं उनके सहयोगी अधिकारी, संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र पमार, श्याम सिंह कुशवाह सहित चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित रहे।

## नशीली कफ सिरफ के साथ गिरफ्तार

हनुमना पुलिस ने नशीली कफ सिरफ के साथ बस्ती बार्ड क्रमांक 12 निवासी शिवाकांत शुक्ला पिता रामेश्वर शुक्ला 37 वर्ष को गिरतार किया है। आरोपी से पुलिस ने 40 सीसी नशीली कफ सिरफ बरामद की है।

# 22 चालान कर 11 हजार वसूला, बोलोरो से हुटर, नेम प्लेट हटाये
# टीआई ने की कार्रवाई, 3 हजार का चालान भी किया

बुढ़ार

आदर्श आचार संहिता लगने के बाद बड़े एवं छोटे वाहनों की जांच पड़ताल में तीव्रता देखने को मिल रही है वहीं बुढ़ार पुलिस ने विश्राम गृह शहडोल रोड पर वाहन चेकिंग लगाकर 22+1 बोलोरो में लगे हुटर, नेमप्लेट को उतरवाकर जप्त कर 3 हजार का जुर्माना भी किया है। थाना प्रभारी संजय जायसवाल से मिलीं जानकारी के अनुसार 21 मार्च की शाम शहडोल रोड पर वाहनों की जांच पड़ताल के लिए वाहन चेकिंग लगाकर बिना हेलमेट,कार चालक सीट बेल्ट एवं दस्तावेजों की जांच की गई जिसमें 22 चालान काटे गए 11 हजार एक सौ रुपये का संमस शुल्क वसूला गया है। वाहन चेकिंग में एस आई गोविंद भगत, एएसआई ज्ञानेंद्र सिंह, नवीन सिंह सहित नगर की पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।



# आओ जलाएं कंडे की होली, अभियान से जुड़े युवा, लोगों को कर रहे जागरूक

## कंडे की होली से लकड़ी और पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश लेकर निकले युवा

बिरसिहपुर पाली-उमरिया

पर्यावरण के संरक्षण और गोवर्धन के लिए जरूरी हम सब मिलकर काम करें इसके लिए आने वाले त्योहार होली पर हम गाय के गोबर से बने हुए कंडो की होली जलाकर न केवल पर्यावरण को बचाने का काम कर सकते हैं बल्कि हम गौशालाओं के विकास के लिए भी एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं।कंडो की होली से जहां लकड़ी की बचत होगी वहीं पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।



### एकत्र कर रहे कंडा

इस वर्ष लकड़ी की जगह कंडो से होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए युवा टीम गांव-गांव घर-घर जाकर कंडे इकट्ठा करने का कार्य आरंभ है कर दी है। उन्होंने कहा कि होली जलाते समय हम जहां अति उत्साह में आकर कई क्विंटल लकड़ी जला देते हैं तो कहीं-कहीं तो हरे भरे पेड़ काटकर भी होली में रख देते हैं जिससे प्रकृति का नुकसान होता है हम जागरूक नागरिक की भूमिका का निर्वहन करते हुए नई दुनिया के आओ जलाएं कंडो की होली अभियान को गति दे और इसकी सहयोगी बने।

### युवाओं ने किया तय

युवा टीम मारिया के सदस्यों ने इस वर्ष तय किया है कि जिले के कई विभिन्न स्थानों में इस वर्ष करो कि होली जलाने में अपनी सहभागिता निभाएंगे युवाओं का कहना है कि इस बार लकड़ी की जगह हम आसपास होगी झाड़ियां को भी शामिल करेंगे और कंडो की संख्या बढ़ाएंगे।

### 100 युवा आयोजन की तैयारी कर रहे हैं

इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, राहुल सिंह,सौरव पाण्डेय, पवन सिंह,अभिषेक सिंह अमित सिंह,सचिन सिंह, मनीष सिंह,अजय कुमार, शिखा बर्मन, वैष्णवी बर्मन,पूजा बैगा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## ज्ञापन में हस्ताक्षर करने पर जान से मारने की धमकी

**धनपुरी।** नगरपालिका परिषद धनुपरी के पूर्व अध्यक्ष हंसराज तनवर के नेतृत्व में अंग्रेजी शराब दुकान को अन्यत्र स्थानान्तरित किए जाने संबंधी आमजन के सहमति से संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन कलेक्टर शहडोल को सौपा गया था जिसमे धनपुरी का नागरिक होने के चलते अशोक गुप्ता ने भी अपने हस्ताक्षर किए थे। जब से मकान मालकिन व उसके पुत्र को ज्ञापन की जानकारी लगी है वह दोनो प्रार्थी के जान के दुश्मन बन गये है आये दिन रास्ते से निकलने पर गाली गलौज करते है व अश्लील गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते है। उक्ताशय की लिखित शिकायत पीड़ित अशोक गुप्ता ने एसडीओपी धनपुरी से कीहै। पीड़ित ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि आरोपीगण के आचरण एवं कृत्यो को देखने से प्रार्थी को ऐसा महसूस हो रहा है कि आरोपीगण किसी समय भी अपनी धमकी को मूर्त रूप प्रदान कर सकते है जिससे प्रार्थी व उसका पूरा परिवार बहुत ही डरा हुआ है उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है।पीड़ित ने पुलिस अधिकारी से मांग की है कि मेरी रिपोर्ट दर्ज की जाकर तत्संबंध मे समुचित कार्यवाही किए जाने व प्रार्थी के जान माल की रक्षा किए जाने की कृपा की जावे।

## राजस्व वसूली से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

रीवा।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा दिनांक 22.03.2024 को नगर निगम के राजस्व वसूली से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगमायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि व्यावसायिक क्षेत्र में ऐसे दुकानदारो पर तालाबन्दी की कार्यवाही करें जिनकी बकाया सम्पत्तिकर रू. 50 हजार से अधिक की स्थिति में है, शहर में लगे दुबई मेला, संचालक के ऊपर वॉल पेंटिग खराब करने पर जुर्माना लगाये जाने की बात कही गई। राजस्व वसूली कार्य में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ वसूली के कार्य किये जाने के साथ ही सभी वसूली मे लगे



अधिकारियो एवं कर्मचारियो को लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त राजस्व श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, श्री रामनरेश तिवारी, राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक श्री रविप्रकाश मिश्रा, समस्त वार्डो के सहायक राजस्व निरीक्षक, एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

## मदरसा के फर्जी अध्यक्ष को पुलिस ने फ्रॉड गिरी में भेजा सलाखों के पीछे



रीवा

जिले के मदरसा सदस्य व छोटी दरगाह स्कूल संस्था का मोहम्मद सागीर पिता शकूर खान निवासी घोघर पचमाठा फर्जी अध्यक्ष बनकर मदरसे का हाल दे दिया वही 6 लाख का एग्रीमेंट भी किया था एग्रीमेंट की शिकायत 20 /5/2022 / को थाना अमहिया में की गई तब के तत्कालीन थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया विवेचक को जांच दी गई जांच में सिद्ध होने के बाद दिनांक/2/3/-2023 फिर धारा 420 406 67 68 एफ आई आर दर्ज की गई पुलिस द्वारा कई बार दविस भी गई लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया शुक्रवार को NIA 138 के 78/2023/ के भी मामले में फरार चल रहे आरोपी सगीर खान को थाना सिटी कोतवाली ने गिरफ्तार किया जब इसकी जानकारी फरियादी वारिस खान को हुई फरियादी द्वारा अमाहिया थाने में सूचना दी गई अमहिया ने पुलिस ने मोहम्मद सागीर को किया गिरफ्तार जहा पूछताछ कर न्यायालय में पेश करके भेजा सलाखों के पीछे।

# "राष्ट्रीय विंध्य लोक नाट्य महोत्सव" के प्रथम दिवस नाटक पंच लाइट का मंचन

रीवा

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से रंग अनुभव सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय विंध्य लोक नाट्य महोत्सव की प्रथम संध्या ज्ञान की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।
वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. विद्या प्रकाश तिवारी, समाजसेवी श्री दिनेश त्रिपाठी, स्कूल के संचालक श्री राजेश त्रिपाठी एवं प्राचार्या श्रीमती कल्पना त्रिपाठी के द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया।





### पूर्वरंग की प्रस्तुति

विंध्य के लोकगीत एवम भजन गायक - यशो शास्त्री' ग्राम भलुहा एवम साथियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई जिसमें प्रभु राम आराधना, हनुमान आराधना और रंगोत्सव के समय के अनुरूप होली गीत खेलें मसाने में होरी दिगंबर आदि मुख्य रहे।

### नाटक के विषय में

"फणीश्वरनाथ रेणु" की प्रसिद्ध कहानी पर आधारित नाटक 'पंचलाइट' का मंचन आरंभ हुआ। भारत ग्राम प्रधान देश है। नाटक पंचलाइट में भारतीय ग्रामीण परिवेश का सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किया गया है। कथा का वातावरण विंध्य का रखा गया है। जब महतो टोली के रहवासी अशिक्षित थे। लेकिन महतो टोला की पंचायत के द्वारा रामनवमी के मेले से पेट्रोमेक्स खरीदा जाता है। जिसे वे प्रेम, दुलार, नेह से 'पंचलैट' कहते हैं। 'पंचलाइट' को महतो टोला के सीधे-सादे रहवासी आत्म सम्मान हैं। पंचलाइट को देखने के लिए महतो टोला के सभी बालक, औरतें, बुजुर्ग और मर्द इकट्ठे हो जाते हैं। सरपंच अपनी पत्नी को आदेश देता है कि पंच लाइट को प्रकाशमान करने के पूर्व, शुभ कार्य को करने से पहले जितना पूजा-पाठ का प्रबन्ध कर लिया जाय। सभी जन गीत संगीत नृत्य करते हुए उत्साहित हैं, किंतु तभी एक विकट समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। 'पंचलैट' को प्रकाशित कौन करेगा? महतो टोला के सीधे-सादे लोग पंचलैट को जलाना ही नहीं जानते। महतो टोले में एक परदेसी युवक गोधन रहता है। महतो टोले की मुनरी नामक एक युवती से प्रेम करता है। इनका प्रेम प्रसंग अब शोले फिल्म के वीरू और बसंती के प्रेम प्रसंग सा जगजाहिर हो चुका है। जब मुनरी की अम्मा को पता चलता तो पंचों से गोधन की शिकायत करती है, कि गोधन हमारे घर के सामने से सिनेमा का गाना गाता हुआ निकलता है। इस शिकायत के दण्ड स्वरूप पंचों ने गोधन का गांव से हुक्का पानी बंद कर दिया था। मुनरी और मुनरी की सखी रज्जो को पता है कि गोधन इस "पंचलाइट" से रौशनी पैदा कर सकता है, और महतो टोला के आत्म सम्मान को बचा सकता है। मुनरी चतुराई से पंचों तक यह बात पहुँचा देती है। पंच गोधन का हुक्का पानी खोल देते हैं। गोधन 'पंचलाइट' को जला देता है। मुनरी की अम्मा गुलरी काकी प्रसन्न होकर गोधन को शाम के भोजन का निमन्त्रण देती है। पंच भी अतिउत्साहित होकर गोधन को कह देते हैं-"तुम्हारा सात खून माफ। खूब गाओ सलीमा का गाना।" पंचलाइट की रोशनी में लोग भजन-कीर्तन करते हैं तथा उत्सव मनाते हैं। विंध्य के गीत, संगीत, नृत्य, बोली, सभ्यता और हरकतों से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों के मन को गुदगुदाया और सभी को एक सूत्र में बांध दिया।

सरपंच के चरित्र को विपुल सिंह ने जीवंत कर दिया, दीवान के चरित्र में ओमकार शर्मा ने दर्शकों को मुंह खोल हसने पर मजबूर कर दिया, छाता वाले का चरित्र सागर मिश्रा ने बखूबी निर्वाह किया। गोधन के चरित्र में रत्नेश गोस्वामी और मुनरी के चरित्र में श्रुति कीर्ति द्विवेदी ने दर्शकों का कोमल ह्रदय स्पर्श कर अठखेलियां किया। गुलरी काकी के चरित्र अभिनेता राज कुमार कोरी ने अपनी हरकतों से दर्शकों को ठहाके लगाने और मुस्कुराने के लिए प्रेरित किया, अन्य चरित्रों में बादल नट, मोहित कुशवाहा, भूमिका निगम, काजोल, अंशिका मिश्रा, सुधीर सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, अंशिका तिवारी आदि ने न्याय किया और मन को गुदगुदाया। संगीत संकलन, संचालन एवम प्रकाश संचालन विनोद कुमार मिश्रा, मंच व्यवस्थापक राजमणि तिवारी, मंच सामग्री एवम रुपसज्जा सुधीर सिंह, वेशभूषा सुमन मिश्रा की एवम मंच परिकल्पना, प्रकाश परिकल्पना एवं निर्देशन मनोज कुमार मिश्रा ने किया है। प्रस्तुति रावेन्द्र प्रताप सिंह सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा की रही।

### 22 मार्च को नाटक

हरिश्चंद्र के चौपट राजा की प्रस्तुति होगी इसके लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र, निर्देशक विनोद कुमार मिश्रा एवं प्रस्तुति मंडप सांस्कृतिक शिक्षा कला केंद्र रीवा की होगी। रंग अनुभव के अध्यक्ष श्रीमती प्रवीण शुक्ल ने दर्शकों से अनुरोध किया की आप अपने परिजनों और मित्रों को नाटकों के मंचन देखने के लिए प्रेरित करें, नाटक जीवन को जीने का सार है जीवन जीने की राह है, जीवन की शिक्षा है।

### दर्शक हुए रोमांचित

नाटक पंच लाइट ने दर्शक दीर्घा को रोमांचित किया दर्शकों ने एक स्वर में करतल ध्वनि में कहा नाटक का मंचन सशक्त हुआ है और हमारे अंतस में अमिट लेख सा जीवन भर अंकित रहेगा। नाटक ज्ञानवर्धक है समाज में प्रेम और संभव से रहने की शिक्षा देता है। भारत में सबसे प्राचीन रंगमंचीय शैली विद्या प्रकाश तिवारी ने कहा कि भारत का असली रंगमंच जो अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है और हमारे कानों में भी ये डाल दिया गया है कि जो शैली विदेशों से यहां फली फूली वहीं रंगमंच है। ऐसा कैसे हो सकता है हमारी समस्या अलग हैं,हमारा समाज अलग है, हमारी संस्कृति है,संस्कार अलग है और सभ्यता अलग अन्य देशों से। इन्ही विचारों को मन में रख कर एक शुद्ध और देशी लोककथा "पंच लाइट" की रंगमंचीय मंचन हुआ, विस्मृत और अलग रंगानुभूति का आनंद मिला।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किए जा रहे आयोजित

**रीवा।** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। रीवा और मऊगंज जिले की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों के सहयोग से लगातार मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके द्वारा पूरा कार्यक्रम तैयार किया गया है। सभी संबंधित अधिकारी स्वीप प्लान के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। सभी रिटर्निंग आफीसर गत लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले सभी मतदान केन्द्रों में 20 अप्रैल तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा आठ जागरूकता रथ भेजे गए हैं। इनके द्वारा मतदान केन्द्रवार भ्रमण कर 20 अप्रैल तक मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। स्वीप गतिविधि के तहत फाग उत्सव का भी आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर ने बताया कि 23 अप्रैल को रीवा और मऊगंज जिले के सभी शासकीय और निजी कालेज तथा स्कूलों में रैली निकाली जाएगी। इसी दिन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में भी रैली निकालकर एवं मानव श्रंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी तथा कुल सचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को रीवा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता के फ्लैक्स बैनर एवं होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए हैं।

## बाल संप्रेक्षण गृह में प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**रीवा।** स्थानीय बाल संप्रेक्षण गृह में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडे के निर्देशन में निरुद्ध अपचारी बालको को पर्यावरण शिक्षा प्रतियोगिता, पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता, पर्यावरण शिक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान बालकों को पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ और पर्यावरण को बचाने के बारे में जानकारी दी गई तथा प्रतिभागी बालको को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती नीलिमा देवदत्त , जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव ,अधीक्षक बाल संप्रेषण गृह रीवा श्रीमती अर्चना पचौरी सहित पुष्पराज सिंह, श्रीमती नीता गुप्ता तथा स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### मतदान के लिए कलेक्टर ने किया सार्वजनिक अवकाश घोषित

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशियेबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट) के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस 19 अप्रैल को जिले के कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले समस्त कारखानों में कार्यरत कामगारों को मताधिकार का उपयोग करने की सुविधा देने हेतु मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### अवकाश के दिन जमा नहीं होंगे नाम निर्देशन पत्र

**अनूपपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि जिला निर्वाचन कार्यालयों में अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च 2024 से प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण के लिए नाम निर्देशन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 23 मार्च को चतुर्थ शनिवार (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट) के तहत अवकाश होने एवं 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश होने से इन दिनों में नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। प्रथम चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 मार्च है। अनारक्षित वर्ग के लिये 25 हजार, आरक्षित वर्ग के लिए 12,500 रुपये है निक्षेप राशि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि लोकसभा-2024 का चुनाव लड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रुपए और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी।

### दिव्यांग मतदाता के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**अनूपपुर।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अनुक्रम में जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत पड़रिया में दिव्यांग मतदाता के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन के मतदान दिवस 19 अप्रैल को प्रात 7 बजे से शाम 6 बजे तक अपने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान रैली में मतदाता जागरूकता के स्लोगन के नारे लगाए गए।

वर्तमान सांसद ने पहले ही दाखिल कर दिया था नाम निर्देशन पत्र

# सांसद बनने विधायक ने भरा नामांकन

### अब दोनों दलों के बड़े नेता एक ही जगह मैकलांचल से

**अनूपपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 मे विजय पताका लहराने जहां वर्तमान सांसद हिमाद्री सिंह ने चुनावी मैदान मे अपनी दावेदारी पेश कर दी है वही 22 मार्च को पुष्पराजगढ़ के वर्तमान कांग्रेसी विधायक फुंदेलाल सिंह ने भी नामांकन पर्चा दाखिल कर चुनावी मैदान मे ताल ठोंका है जिसके बाद अब ऐसा लग रहा है कि यदि श्री सिंह को कांग्रेस टिकट देती है तो मुख्य मुकाबला उनके ही गृह क्षेत्र मे उन्ही के बीच होगा। बता दें कि शहडोल संसदीय क्षेत्र मे 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिनमे से 7 विधानसभा मे जहां भाजपा का कब्जा है वही सिर्फ एक विधानसभा पुष्पराजगढ़ मे कांग्रेस विधायक आसीन हैं जो 1994 मे सांसदी चुनाव हारने के बाद एक बार सांसद बनने मैदान मे कूद पड़े हैं। दूसरी ओर कांग्रेस ने अभी तक सांसद प्रत्याशी की घोषणा नही की है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि फुंदेलाल सिंह मार्को को



कांग्रेस आजमा सकती है परंतु यह अभी सिर्फ राज है। कांग्रेस के घोषणा के बाद ही स्पष्ट होगा कि पार्टी से कौन दावेदार होगा।

### पांच नाम निर्देशन पत्र हुए दाखिल

लोकसभा आम निर्वाचन हेतु जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार पहले चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शुक्रवार को पांच अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शहडोल के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ के समक्ष भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रविकरण सिंह धुर्वे, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) के अभ्यर्थी अमृत लाल गोंड़, इंडियन नेषनल कांग्रेस के फुन्देलाल सिंह मार्को, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया के अभ्यर्थी समर शाह सिंह तथा गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी अनिल सिंह धुर्वे ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### शहडोल की ऐसी है भौगोलिक स्थिति

शहडोल जिला मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है। इस जिले का गठन 1959 मे किया गया था। यह पूर्व में अनुपपूर, दक्षिण में मंडला और बिलासपुर, उत्तर में सतना एवं सीधी तथा पश्चिम में उमरिया जिले से घिरा हुआ है। यहां की 79.25 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्र और 20.75 फीसदी आबादी शहरी क्षेत्र में रहती है। यहां की 44.76 आबादी अनुसूचित जनजाति और 9.35 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति के लोगों की है। शहडोल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के लिए आरक्षित है।

### पहले के चुनावों का वोट गणित

लोकसभा चुनाव में इस सीट से बीजेपी के हिमाद्री सिंह ने जीत दर्ज की, उन्हें 7,47,977 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के प्रमिला सिंह 3,44,644 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रही और सीपीआई के केशकली कोल 33,695 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर थी वही 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर बीजेपी को जीत मिली थी। बीजेपी के दलपत सिंह ने कांग्रेस के राजेश सिंह को हराया था। दलपत सिंह को 5,25,419 (54.25फीसदी) वोट मिले थे तो वहीं राजेश नंदिनी सिंह को 2,84,118 (29.34फीसदी) वोट मिले थे। दलपत सिंह को इस चुनाव में 2,41,301 वोटों से जीत मिली थी। सीपीआई 2.85 फीसदी वोटों से साथ इस चुनाव में तीसरे स्थान पर थी।

# अंतिम चरण में होली त्यौहार की तैयारी



### इस वर्ष कीमतों में 10 फीसदी तक की बढोत्तरी

**अनूपपुर।** होली त्यौहार को 2 दिन बचे हैं। होली पर्व को लेकर जिला मुख्यालय सहित कोतमा सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में तैयारी शुरू हो गई है। बाजारों में रंग अमीर गुलाल मुखौटे एवं पिचकारी की दुकान भी सज गई है। ग्रामीण क्षेत्र में पर्व को लेकर लोग ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं घर की महिलाएं घर को गोबर एवं सफेद मिट्टी से पुताई लिपाई का कार्य भी शुरू कर दी है। होली पर बाजार में चुनावी रंग साफ दिखाई दे रहा है। एक ओर जहां लोकसभा चुनाव के चलते व्यापारियों को बिक्री में इजाफा हुआ है और उनके चेहरे खिल उठे हैं। मोदी पिचकारी और मुखौटे की भारी मांग है। जय श्रीराम लिखी टोपी भी खूब बिक रही है। रंगोत्सव पर रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटा, चश्मा, टोपी और कपड़े की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। साथ ही गुजिया, नमकीन, मिठाइयां, ड्राई फ्रूट्स, परिधान, घरों के सजावटी सामान, किराना, चंदन, पूजा सामग्री, गिफ्ट आइटम्स, फूल व फल, मैदा, सूजी, चीनी, खाद्य तेल समेत अन्य त्यौहारी सामानों की बिक्री खूब हो रही है। इस बार नगर में चुनाव के चलते होली मिलन समारोह में भी लगभग 50 फीसदी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। होली के बहाने शहर के विभिन्न इलाकों में होली मिलन समारोह के माध्यम से आसानी से अपना प्रचार-प्रसार करेंगे। और जनता के साथ रंग-गुलाल उड़ाने के लिए तैयार हैं। नगर के प्रमुख बाजारों गांधी चौक आजाद चौक महावीर मार्ग सब्जी मंडी रोड पंचायती मंदिर रोड बस स्टैंड बाजार में बड़ी संख्या में होली पर दुकाने सजी हुई हैं। दुकानों पर कई तरह की रंग-बिरंगी पिचकारियां हैं। इनमें सबसे अधिक क्रेज मोदी पिचकारी की है। दुकानदारों से युवा और बच्चे मोदी मुखौटे और पिचकारी की मांग रहे हैं। मोदी पिचकारी बाजार में 300 से लेकर 550 रुपए तक में बिक रही है। वहीं पिचकारी के अलावा दुकानों पर तरह-तरह के मुखौटे, चश्मा, टोपी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। लंबे पाइप वाली पिचकारियां भी इस बार



बाजार में बिकने आई हैं। हालांकि इस बार बाजार में लोग स्वास्थ्य के लिहाज से हानिकारक केमिकलयुक्त रंग, अबीर-गुलाल की खरीदारी से परहेज कर रहे हैं। हर्बलयुक्त रंग, अबीर और गुलाल की बिक्री बढ़ी है। बाजार में सरसों, रिफाइंड और पॉम ऑयल के साथ-साथ शक्कर की मांग भी आमदिनों की अपेक्षा 30 फीसदी तक बढ़ी है, क्योंकि होली पर बड़ी संख्या में भारतीय परिवार घर पर भी पकवान बनाने की परंपरा है। नगर में होंगे बड़ी संख्या में होली मिलन समारोह चुनावी साल होने के कारण इस बार बड़ी संख्या में लगभग होली मिलन समारोह होने की उम्मीद है। चुनावी दौर में होली मिलन समारोह जनसंपर्क का पंसदीदा माध्यम बनते जा रहा है। बच्चों के लिए कई वैरायटी की पिचकारियां मौजूद बच्चों के लिए खास तौर पर टैंक गन, डोरेमॉन, पिचकू पिचकारी, छोटा भीम और मोटू-पतलू की अनेक वैरायटियां मौजूद हैं। इनकी कीमत 200 रुपए से 400 रुपए तक है। छोटी पिचकारियों की शुरूआती कीमत 50 रुपए है। वहीं गुलाल और रंग की बात करें तो 5 रुपए से लेकर 50 रुपए तक के बिक्री वाले विभिन्न पैकेट्स में उपलब्ध हैं।

### कीमतों में 10 फीसदी इजाफा

दुकानदारों का कहना है कि छोटी पिचकारी के रेट में तो ज्यादा फर्क नहीं आया है, लेकिन बड़ी पिचकारियों, रंग-गुलाल, अबीर के दामों में पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

### शुरू हो गई होलिका की तैयारी

होलिका दहन को लेकर नगर में जगह-जगह होली के डांग गढ़ दिए गए हैं। बच्चे हो या बड़े सब होलिका दहन की तैयारी में जुटे हुए हैं। छोटे-छोटे बच्चे सुबह से लेकर देर शाम तक होलिका की लकड़ी इकट्ठी करने में जुटे हुए हैं। नगर के पुरानी बस्ती शिव सागर धाम बनिया टोला बूढ़ी माता मंदिर स्टेशन चौक आजाद चौक दफाई टोला दर्री टोला निगवानी रोड फिल्टर मोहल्ला गेस्ट हाउस रोड विकास नगर कॉलेज तिराहा सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में होलिका दहन की तैयारी जोर शोर से की जा रही है।



# सूर्या चौधरी को कलेक्टर ने किया जिला बदर

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अनावेदक सूर्या चौधरी पिता रामकुमार चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी पटौराटोला अनूपपुर थाना कोतवाली अनूपपुर के विरुद्ध 09 आपराधिक एवं 02 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के प्रकरण दर्ज होने व आपराधिक गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर अनावेदक को म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1, धारा 5 की कंडिका (क) एवं (ख) तथा सहपठित धारा-7 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमा तथा सीमा से लगे हुए मध्यप्रदेश राज्य के जिला शहडोल, उमरिया एवं डिण्डौरी चतुर्दिक राजस्व की सीमाओं से 06 माह की कालावधि के लिए निष्कासित किया है। उन्होंने इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि में अनावेदक को बिना उनकी लिखित अनुमति के उपरोक्त निर्दिष्ट जिलों की सीमाओं के अन्दर प्रवेश नही करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अनावेदक के विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन मामलों की पेशी तिथियों पर संबंधित थाना प्रभारियों को लिखित सूचना देने पर उपस्थिति की छूट रहेगी। पुलिस की निगरानी में पेशी के तुरंत बाद अनावेदक इस आदेश का पालन करेगा। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर अनावेदक के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-14 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# पेयजल व्यवस्था बनाए रखने सूखा राहत कंट्रोल रूम का गठन

**अनूपपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड अनूपपुर ने गर्मी में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए प्राप्त शिकायतों, समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु जिलास्तर, उपखण्डस्तर पर सूखा राहत प्रकोष्ठ एवं कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिले के ग्रामीण अपने क्षेत्र के बिगड़े हैंडपंप जो संधारण के अभाव में बंद है उनकी सूचना सर्वप्रथम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्डस्तर पर कर सकते हैं। निराकरण समयावधि में नहीं होने पर उसकी शिकायत जिलास्तर पर करें सकते हैं।

### जिला स्तरीय सूखा राहत प्रकोष्ठ

ग्रामीण यंत्र के विभाग अनूपपुर ने जिले गर्मी में पेयजल की किसी भी प्रकार की दिक्कत लोगों को ना हो इसके लिए जिला सूखा राहत प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिला सूखा राहत प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 07659 222517है जिसमें लोग हैंडपंप से संबंधित शिकायत दर्ज कर सकते हैं जिला स्तरीय सूखा राहत प्रकोष्ठ के प्रभारी अमित द्विवेदी तकनीकी शाखा प्रभारी को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 9424331164 है जिस पर अगर हैंडपंप से संबंधित शिकायत की समय अवधि पर सुधार नहीं होता है तो इस पर आप शिकायत कर सकते है




### उप खण्ड स्तर पर सूखा राहत प्रकोष्ठ एवं कंट्रोल रूम

लो. स्वा. यांत्रि. विभाग उपखण्डस्तर अनूपपुर ने पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए एवं प्राप्त शिकायतों, समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु उपखण्डस्तर पर सूखा राहत प्रकोष्ठ एवं कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिले के ग्रामीण अपने क्षेत्र के बिगड़े हैंडपंप जो संधारण के अभाव में बंद है उनकी सूचना सर्वप्रथम विकासखंड स्तर पर कर सकते हैं।

# मतदान केन्द्रों की की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने जिले के मतदान केन्द्रों की बुनियादी सुविधाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने मतदान केन्द्रों की बुनियादी सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं तथा कार्यों को समय पर सुनिश्चित किए जाने के निर्देष दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को सतत भ्रमण कर मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश तथा मतदान दलों



को प्रदान की जाने वाली बेहतर सेवाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाएं, ऊर्जा तथा प्राधिकृत पत्रकारों को अत्यावष्यक सेवा श्रेणी में स्थान दिया गया है, जिन्हें पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा के संबंध में जानकारी देते हुए अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति के पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु फार्म 12 डी प्राप्त कर संबंधितों से फार्म की जानकारी भराकर निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# अनूपपुर कांग्रेस का आधारभूत स्तंभ ढहा

### नहीं रहे पं भगवती शुक्ला, नम आंखों से लोगों ने दी अंतिम श्रद्धांजलि

**अनूपपुर।** कुछ नुकसान ऐसे होते हैं जिनकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। पं भगवती शुक्ला का दुखद आकस्मिक निधन शुक्ला परिवार के साथ -साथ अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से नगर में व्याप्त रिक्तता को कभी नहीं भरा जा सकता। संयुक्त शहडोल जिला एवं अनूपपुर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेस नेता, सर्वसमाज के प्रिय अग्रज, सभी उम्र के लोगों के मित्र, सबके दुख सुख के साथी अनूपपुर निवासी पं. भगवती प्रसाद शुक्ला का 21 मार्च रात्रि 10 बजे दुखद निधन हो गया। इलाज के दौरान कल रायपुर में उन्होंने अंतिम सांस ली। अपने पीछे वो भरा - पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये हैं। नगर के युवा नेता एवं पार्षद दीपक शुक्ला के वे बड़े पिताजी थे। प्रशांत, विक्रांत दो पुत्र और ममता सुपुत्री हैं। शुक्रवार को सुबह 10 बजे उनकी अंतिम यात्रा (निज निवास रेलवे स्टेशन चौक, अनूपपुर से सोन तट मोक्ष धाम तक) में सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार में मप्र कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, अनूपपुर के पूर्व विधायक रामलाल रौतेल, संतोष अग्रवाल, मनोज द्विवेदी, राजेश शिवहरे, रमेश सिंह, मनोज श्रीवास्तव,पवन छिब्बर, इस्लाम सेठ, इब्राहिम भाई ,सनत त्रिपाठी,हाजी इशहाक राठौर, रामखेलावन राठौर, गिरीश पटेल, गिरीश राठौर, विजेन्द्र सोनी, शैलेन्द्र सिंह,गजेन्द्र सिंह, नियामुद्दीन, विवेक बियाणी, मनोज शुक्ला, अजीत मिश्रा, रावेन्द्र सिंह, आदर्श दुबे, आशीष द्विवेदी, हिमांशु बियाणी, राजेश द्विवेदी, अमितेष द्विवेदी, अंकित द्विवेदी, साजन दास केवलानी, कमलेश तिवारी, तीरथ तिवारी, सतानंद तिवारी, करतार सिंह, दिलीप तिवारी, सुरेश गुप्ता, जीवेंद्र सिंह, सतेंद्र दुबे, बिहारी तिवारी, कन्हैया मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्र, नरेश मिश्रा, अमित मिश्रा, रितेश खंडेलवाल, जयकिशन बियानी, योगेंद्र राय, गणेश रौतेल, सुशील मिश्रा, संजय विश्वास, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, अरविंद सिंह, मनीष भोजवानी, आशु सिंह, अशोक शर्मा के साथ शामिल सैकड़ों लोग शामिल हुये। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री रौतेल ने कहा कि जिले के वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेसी नेता भगवती प्रसाद शुक्ला की पुण्य आत्मा को ईश्वरअपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। एडवोकेट संतोष अग्रवाल एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि अनूपपुर कांग्रेस का एक आधारभूत स्तंभ ढह गया है। अनूपपुर नगर के विकास में बहुत से संघर्षों में भगवती शुक्ला जी ने अग्रणी भूमिका निभाई है। श्री रामजानकी मन्दिर में प्रत्येक आयोजित होने वाले सार्वजनिक सामाजिक, धार्मिक आयोजनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी।



# हाथी के बाद गोबरी के जंगल में पहुंचे वन भैंसा

**अनूपपुर।** जिले में हाथियों के निरंतर विचरण के बाद मिली राहत के बाद अब वन परिक्षेत्र जैतहरी अंतर्गत गोबरी बीट के जंगल में शाकाहारी वन्यप्राणी वनभैंसा (वायसन) के समूह ने दस्तक दी है जो शुक्रवार की शाम जैतहरी-राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग के मध्य गोबरी गांव के डियो राड नामक स्थान के पास शुक्रवार की शाम 6 बजे के लगभग विचरण करते राहगीरों एवं अनूपपुर के पर्यावरण विद् संजय पयासी ने प्रत्यक्ष रूप से देखा है विगत एक सप्ताह से निरंतर झाईताल,गोबरी के बीच गोबरार नाला में पांच नग वनभैंसा (वायसन) के विचरण करने की सूचनाये विभिन्न स्त्रोतों से अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्य जीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल को प्राप्त होती रही है हालांकि शुक्रवार की शाम एक ही वनभैंसा (वायसन) विचरण करते दिखा है जो देर रात होने पर जंगल के अंदर चला गया है। शाकाहारी वन्यप्राणी वायसन के दिखने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा ने वन कर्मचारियों को वायसन के विचरण पर निगरानी रखने के निर्देश देते हुए स्वयं भी देर रात स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं।

**REQUIREMENT**

**KALYANIKA KENDRIYA SHIKSHA NIKETAN COLLEGE, AMARKANTAK, DIST. ANUPPUR (M.P.) PIN-484886**
**Phone-07629-269560, 269590,**
**Mobile no. 9340416198, 9303878608**
**Email- collegeofeducationkksn@gmail.com**

**Following faculties and staff are required for a reputed College at Amarkantak (M.P.)**

| S1. Post | Vacancy Qualification & experience |
|---|---|
| 01. Assistant Professor for B. Ed | 11 As per UGC norms |
| 02. Assistant Professor for B. Lib (Library & Information Science) | 02 As per UGC norms |
| 03. Librarian | 01 As per UGC norms |
| 04. Assistant Librarian | 01 As per UGC norms |
| 05. Assistant Professor (Art & Craft) | 01 As per UGC norms |
| 06. Sport officer (Male+ Female) 01 +01 | MFA & Ph. D in concern subject M. P.ED or equivalen |

Note: **1. Apply on or before: 20/04/2024**
2. Summit hard copies of all testimonials.
3. Salary and benefits as per state government.

**Chairman**